राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

–: प्रेस–नोट :–

दिनांक :– 20.11.2013

आयोग द्वारा दिनांक 13.07.2013 को पुरालेखपाल, अभिलेखागार विभाग, के पदों की आयोजित संवीक्षा परीक्षा की मॉडल उत्तर कुंजी आयोग की वेबसाइट पर दिनांक 17.07.2013 को जारी करते हुये आपत्तियाँ आमंत्रित की गई। अभ्यर्थियों से प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित उत्तर कुंजी दिनांक 22.08.2013, 30.09.2013 को आयोग की वेबसाईट पर जारी की गई। अभ्यर्थियों से पुनः प्राप्त आपत्तियों की आयोग द्वारा विषय विशेषज्ञों से जांच करवाने के उपरान्त संशोधित **अंतिम** उत्तर कुंजी दिनांक 20.11.13 को आयोग की वेबसाईट पर जारी कर दी गई हैं। यदि किसी अभ्यर्थी को अब भी कोई आपत्ति हो तो प्रेस नोट की जारी दिनांक से 3 दिवस अर्थात दिनांक 23.11.2013 तक अपनी आपत्ति आयोग को दर्ज करवा सकता है। आपत्ति आवश्यक रूप से आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर ही प्रस्तुत की जाएं। प्रपत्र आयोग की वेब–साइट पर उपलब्ध है। तीन दिन की अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा वर्तमान में जारी की जा रही उत्तर कुंजी के आधार पर उक्त परीक्षा का परिणाम जारी किया जा सकेगा।

(गोविन्द नारायण अग्रवाल)

वरिष्ठ उप सचिव